आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

गृहमंत्री–जनगणना

गृहमंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनगणना संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जनगणना की गजट अधिसूचना आज जारी की जाएगी। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। गृहमंत्री ने कहा कि 34 लाख संगणक और सुपरवाइजर तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना कर्मी अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल उपकरणों के साथ यह अभियान संचालित करेंगे। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालन क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से उठाए गए विभिन्न कदम ग्रामीण आर्थिकी को बढ़ावा देने में कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में मोबाइल वैटरनरी यूनिट के माध्यम से पशुओं का इलाज़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिदिन लगभग 38 हजार 400 पशुपालकों से 2 लाख 25 हजार लीटर गाय का दूध 51 रूपए प्रति लीटर के समर्थन मूल्य पर खरीद रही है। इसके अलावा एक हजार 4 सौ 82 पशुपालकों से 7 हजार 8 सौ लीटर भैंस का दूध 61 रूपए प्रति लीटर समर्थन मूल्य पर गुणवत्ता के आधार पर खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री दौरा

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज ऊना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री 25 करोड़ रूपए से अधिक विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें ऊना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवन और डिग्री कॉलेज के नवनिर्मित शैक्षणिक ब्लॉक के उद्घाटन के अलावा कन्या छात्रावास की आधारशिला शामिल है।

स्थापना दिवस

आज आकाशवाणी शिमला का स्थापना दिवस है। 1955 को आज ही के दिन आकाशवाणी शिमला की स्थापना हुई थी। करीब 70 वर्षों के इस सफर में आकाशवाणी शिमला ने अपने श्रोताओं के लिए ज्ञानवर्धक व मनोरंजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए हैं। जिनमें हिमाचली संस्कृति से जुड़े अनेक कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, खेल जगत, किसान–बागवान और समाचार के अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े कई कार्यक्रम शामिल है जो हर वर्ग को त्वरित सूचना देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

जमानत याचिका

विमल नेगी मौत मामले को लेकर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में आई.एस. अधिकारी हरिकेश मीणा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। हालांकि मीणा को 16 जुलाई तक अंतरिम राहत मिली हुई है, मगर प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के बाद सीबाआई पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी हरिकेश मीणा की अग्रिम जमानत का विरोध करेगी।

पर्यटन सीज़न

प्रदेश के पर्यटक स्थल इन दिनों सैलानियों से गुलजार हैं। मैदानी इलाकों में पड़ रही भीष्ण गर्मी से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं। शिमला, कुफरी, नारकंडा के अलावा धर्मशाला, कसौली, चायल सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि जिले के सभी पर्यटन स्थलों में भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

मैदानी इलाकों में गर्मी पड़ने के साथ ही पर्यटकों ने पहाड़ी क्षेत्रो ंका रूख करना शरू किया है तथा पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू जिला के बंजार, मनीकर्ण व् अन्य स्थानों में इन दिनों सैलानियों का तांता लगा हुआ है। मनाली के सभी प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हडिंबा मंदिर, अटल टनल रोहतांग, सोलंगनाला, रोहतांग पास पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मनाली आने वाला पर्यटक रोहतांग जरूर घूमने जाता है क्योंकि वहां पर अभी भी बर्फ के ढेर देखे जा सकते है और पर्यटक बर्फ पर जम कर मस्ती कर रहे है। वहीं पर्यटकों की आमद में काफी वृद्धि होने के साथ–साथ मनीकर्ण, बंजार घाटी व् अन्य कई जगहों पर जाम की स्थिति बन रही है जिसके चलते सैलानियों सहित स्थानीय लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा चंबा जिला के डलहौजी व खजियार में भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है।

जिला चंबा में मौसम की करवट के पर्यटकों की आमद में भी इजाफा होने लगा है। जिले की पर्यटन नगरी डलहौजी व खजियार सहित साचपास पास काफी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए पर्यटक जिले का रूख कर रहे हैं। इससे जहां जिले के पर्यटन व्यवसाय में भी आने वाले दिनों में बढ़ौतरी होने की उम्मीद है वहीं जिले की खूबसुरत वादियों को निहारने के लिए देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं।

सैलानियों की संख्या बढ़ने से प्रदेश के पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई भागों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात प्रदेश के अनेक भागों में हुई वर्षा के बाद लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सैल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई है।